उपसर्ग

1 अंक

ऐसे शब्दांश जो किसी शब्द के पूर्व (पहले) जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते हैं, 'उपसर्ग' कहलाते हैं।

अ- अनाथ, अधर्म, अविश्वास, अचेतन, अधीर, असुविधा, अकर्त्तव्य।

आ- आगमन, आकंठ, आरक्त, आदान, आक्रमण, आकलन

अन- अनजान, अनमोल, अनसुना, अनावरण, अनावश्यक, अनादर।

अनु- अनुपस्थिति, अनुशासन, अनुचर, अनुगमन, अनुराग, अनुसरण, अनुरूप।

अप- अपमान, अपराध, अपवाद, अपशब्द, अपयश, अपकीर्ति, अपव्यय।

अभि- अभिशाप, अभिलाषा, अभिप्रेरणा, अभिमान, अभियोग, अभिमन्यु, अभ्युदय, अभ्यागत।

अधि- अधिमान, अधिकार, अधिपति, अधियाचन, अधिष्ठाता, अधिवक्ता।

उप- उपस्थिति, उपसंहार, उपवन, उपकार, उपयुक्त, उपदेश, उपमंत्री।

सु- सुवास, सुडौल, सुपात्र, सुपुत्र, सुजन, सुलभ, सुकुमार, सुमार्ग, सुव्यवस्थित, सुगम।

सह- सहचर, सहपाठी, सहयोग, सहमत, सहमति।

परि- परिक्रमा, परिजन, परिणाम, परिमाण, परिमार्जन।

निर्- निराकार, निर्जन, निर्भय, निर्वाह, निर्धन, निर्मम, निर्दय।

उपसर्गों से संबधित महत्वपूर्ण बहुविकल्पीय प्रश्न

---

1. निम्न में से किस शब्द में 'अप' उपसर्ग नही है-
   (क) अपयश (ख) अपकीर्ति
   (ग) अपशब्द (घ) अपावन

2. 'अनुग्रह' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
   (क) अन् (ख) अ
   (ग) अनु (घ) गृह

3. 'निर्जन' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है-
   (क) नि (ख) नीर
   (ग) निर् (घ) निस

4. 'आकर्षण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है?
   (क) आक् (ख) कर्षण
   (ग) अक (घ) आ

5. 'अनु' उपसर्ग से युक्त शब्द नही है-
   (क) अनुभाव (ख) अनुकरण
   (ग) अनुचर (घ) अनुचित

6. 'उपेक्षित' शब्द में उपसर्ग है-
   (क) अप (ख) उप
   (ग) उपे (घ) क्षित

7. 'सुदर्शन' शब्द में उपसर्ग है-
(क) सुद (ख) सु
(ग) सुर (घ) दर्शन

8. 'अपार' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(क) आ (ख) अ
(ग) अन (घ) उप

9. 'अभ्यागत' में उपसर्ग है
(क) अ (ख) अभि
(ग) आ (घ) अप

10. 'अपव्यय' में उपसर्ग लगा है-
(क) उप (ख) अ
(ग) अप (घ) आ

11. 'परि' उपसर्ग लगाकर सही शब्द बनेगा-
(क) परिपूर्ण (ख) परामर्श
(ग) पुरुषोत्तम (घ) परिशण

12. 'उप' उपसर्ग से बना शब्द है-
(क) उपदेश (ख) ऊपर
(ग) उपनाम (घ) अपमान

13. 'अनुचर' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(क) अनु (ख) अन्
(ग) चर (घ) अ

14. 'अधिग्रहण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(क) अति (ख) अधि
(ग) अघ (घ) अ

15. 'परिजन' शब्द में उपसर्ग है-
(क) परि (ख) जन
(ग) प (घ) न

16. 'अभिवादन' , अभ्युदय, अभिजात शब्द में उपसर्ग है-
(क) अभि (ख) वाद
(ग) वादन (घ) इनमे से कोई नही

17. 'उपदेश' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(क) उ (ख) अ
(ग) उप (घ)अन्

18. 'पर्यावरण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-
(क) पर्या (ख) वरण
(ग) परि (घ) पृ

19. 'सह' उपसर्ग लगाकर सही शब्द बनेगा-
(क) सहकर्मी (ख) सुमति
(ग) असुविधा (घ) कुसंगति

20. 'अनादर' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है ?
(क) अन् (ख) अनु
(ग) अ (घ) आ

21. निम्न में से किस शब्द में 'अ' उपसर्ग नहीं है?
(क) अचानक (ख) अभाव
(ग) अकाट्य (घ) अकुशल

22. किस शब्द में 'परि' उपसर्ग नहीं है?
(क) परिचर्या (ख) परिचारक
(ग) परिंदा (घ) पर्यावरण

23. 'अनु' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है?
(क) अनुचर (ख) अनुत्तम
(ग) अनुगमन (घ) अनुपालन

24. कौन-सा शब्द 'निर्' उपसर्ग रहित है?
(क) निष्कपट (ख) निर्जन
(ग) निराकार (घ) निरवयव

25. निम्न में से किस शब्द में 'अन्' उपसर्ग नहीं है?
(क) अनाचार (ख) अनावश्यक
(ग) अनभिज्ञ (घ) अन्नागार

26. निम्न में से किस शब्द में 'अभि' उपसर्ग नहीं है?
(क) अभिमन्यु (ख) अभिमान
(ग) अभिन्न (घ) अभ्युदय

27. 'सु' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है?
(क) सुयोग्य (ख) सुसम्पन्न
(ग) सुनना (घ) सुगम

1 (घ)	2 (ग)	3 (ग)	4 (घ)	5 (घ)	6 (ख)	7 (ख)	8 (ख)	9 (ख)	10 (ग)
11 (क)	12 (ग)	13 (क)	14 (ख)	15 (क)	16 (क)	17 (ग)	18 (ग)	19 (क)	20 (क)
21 (क)	22 (ग)	23 (ख)	24 (क)	25 (घ)	26 (ग)	27 (ग)			